# आईपीएस अफसर अभिषेक तिवारी का इस्तीफा

## 2024 में सागर में चार बच्चों की दीवार गिरने से मौत के मामले में हटाए गए थे

**भोपाल, 23 जनवरी. मध्य प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी अभिषेक तिवारी ने इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने वीआरएस लेते हुए केंद्र और राज्य सरकार को जानकारी दी है. अभिषेक तिवारी 2 साल पहले मध्य प्रदेश से दिल्ली में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ हैं. फिलहाल वह नेशनल टेक्नोलॉजी रिसर्च आर्गेनाईजेशन में पदस्थ हैं. बालाघाट और सागर जिले में पुलिस अधीक्षक के तौर पर सेवाएं दे चुके हैं.**



दिल्ली में फिलहाल जिस एजेंसी में वह पदस्थ है. वह नेशनल सिक्योरिटी एजेंसी के अंतर्गत आता है. वह 2 सालों से दिल्ली में पदस्थ हैं. मध्य प्रदेश में बेहतर कामकाज के लिए उन्हें दो बार प्रेसिडेंट मेडल भी मिल चुका है. इसके अलावा मध्य

### 02 सालों से दिल्ली में पदस्थ हैं

**आईपीएस तिवारी प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली चले गए थे**

प्रदेश में कई बार विशेष कार्यों के लिए राज्य सरकार सम्मानित भी कर चुकी है.

सागर में रहते हुए एक घटना बड़ी हुई थी. सागर जिले में बारिश के दौरान दीवार धंसने की वजह से नौ बच्चों की मौत हो गई थी. जिसमें कई परिवार के मासूम बच्चों की मौत हुई थी. इस मामले में सरकार ने तत्काल प्रभाव से पुलिस अधीक्षक रहे अभिषेक तिवारी को हटा दिया था. जिसके बाद वह प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली चले गए थे. फिलहाल अभिषेक तिवारी का इस्तीफा कई स्तर पर मंजूर होना बाकी है. विभागीय जांच के संबंध में गृह विभाग को पुलिस विभाग की रिपोर्ट के आधार पर केंद्रीय गृह मंत्रालय की स्वीकृति अनिवार्य रहेगी. इसके अलावा मध्य प्रदेश गृह विभाग भी वीआरएस को मंजूरी देने पर फैसला लेगा.

### आईपीएस तिवारी ने इस्तीफा क्यों दिया?

अभिषेक तिवारी के इस्तीफा देने के पीछे निजी कारण बताए जा रहे हैं. इस्तीफा मंजूर होने के बाद वह कोई नया काम देखेंगे, लेकिन आखिर क्या कारण है कि तिवारी ने इस्तीफा दे दिया. यह अभी भी चर्चा का विषय बना हुआ है. फिलहाल पुलिस के कई अधिकारियों ने अभिषेक तिवारी के इस्तीफा दिए जाने पर पुष्टि की है. उन्होंने कहा कि निजी कार्यों का हवाला देते हुए आईपीएस अभिषेक तिवारी ने इस्तीफा दिया है. कई विशेष कार्यों के लिए उन्हें बड़े पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया है.



# भोपाल में बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल की शुरुआत

**भोपाल, 23 जनवरी. भोपाल की एक होटल में आयोजित एक विशेष सत्र के माध्यम से बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल को भोपाल के शिक्षा जगत से परिचित कराया गया. इस कार्यक्रम में प्री-स्कूल प्रमुख, शिक्षक, स्कूल नेतृत्वकर्ता और अभिभावक उपस्थित रहे.**

सभी ने स्कूल की शिक्षा दृष्टि और कार्यप्रणाली को समझा. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और प्रार्थना के साथ हुई. स्कूल की प्रधानाचार्या गीता चावला ने बताया कि बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देता है. यहां बच्चों की शैक्षणिक प्रगति के साथ-साथ उनके भावनात्मक, सामाजिक और नैतिक विकास को भी महत्व दिया जाता है. विद्यालय की निदेशक अंजू मलिक ने भोपाल में बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल शुरू करने के पीछे अपनी सोच और उद्देश्य साझा किए.

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बिरला समूह की समृद्ध विरासत और उसकी 'वी केयर' सोच के बारे में बताया गया, जो इस संस्थान की शिक्षा पद्धति की नींव है. साथ ही, स्कूल के शैक्षणिक ढांचे पर प्रकाश डाला गया, जो नई शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) के अनुरूप है और जिसमें अनुभवात्मक एवं गतिविधि-आधारित शिक्षा पर जोर दिया गया है, ताकि बच्चों के लिए पढ़ाई रोचक और उपयोगी बन सके.

# रजत जयंती पर बच्चों को किया सम्मानित

**भोपाल, 23 जनवरी. सेवा भारती द्वारा संचालित प्राण बलदेव भण्डारी सेवा विद्या मंदिर की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत घोष बैंड की सुमधुर ध्वनि के साथ हुई.**



मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता रामबाबू शर्मा (अध्यक्ष, समाज वर्ग, मध्यप्रदेश टेंट एसोसिएशन) ने की. मुख्य वक्ता के रूप में सुरेन्द्र सिंह सोलंकी (प्रांत संगठन मंत्री, सेवा भारती, मध्य भारत) ने विद्यालय के उद्देश्य एवं भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला. विशिष्ट अतिथि गुणवंत सेवतकर (अपर आयुक्त, नगर निगम, भोपाल) एवं प्रशांत पाठक (अपर आयुक्त / महाप्रबंधक, नगर भेल) की उपस्थिति रही. सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य पंकज चंदेले ने किया. सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया कि विद्यालय का वार्षिक उत्सव रामायण थीम पर आधारित रहा. विद्यार्थियों ने श्रीराम जन्म से लेकर वनवास, सीता हरण एवं लंका विजय तक की कथा को मात्र 20 मिनट में अत्यंत सजीव, भावपूर्ण एवं कलात्मक ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा.

> कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षा, खेलकूद, सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया. विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना, रामायण मंचन तथा बंगाली, नेपाली, मराठी एवं पंजाबी नृत्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया. ग्रैंड फिनाले में लगभग 100 विद्यार्थियों की सामूहिक प्रस्तुति ने सभागार को तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा दिया. कार्यक्रम के अंत में सचिव दीपक पोरवाल ने आभार व्यक्त किया.

# राजधानी में कल होगा स्वर साधना का लाइव रियाज़ सत्र

**भोपाल, 23 जनवरी. भारतीय शास्त्रीय संगीत की गुरुकुल परंपरा को जीवंत रखने की दिशा में स्वर संस्कार संगीत गुरुकुल और कैपिटलगेन्स रिसर्च के संयुक्त तत्वावधान में भोपाल में विशेष लाइव रियाज़ सत्र का आयोजन किया जा रहा है.**

यह रियाज़ सत्र रविवार 25 जनवरी को सुबह 8 बजे स्वदेश नगर, अशोका गार्डन स्थित परिसर में आयोजित होगा. स्वर संस्कार की मुख्य शाखा ग्वालियर में संचालित है, जहां गुरु संजय देवले के मार्गदर्शन में वर्षों से विद्यार्थियों को शुद्ध शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. पिछले पांच वर्षों से यह रियाज़ सत्र देश के विभिन्न शहरों में नियमित रूप से आयोजित हो रहा है, जिसमें लगभग 200 संगीत विद्यार्थी सहभागिता करते हैं. भोपाल में आयोजित यह सत्र संगीत विद्यार्थियों और संगीत प्रेमियों के लिए प्रत्यक्ष रूप से स्वर-साधना से जुड़ने का विशेष अवसर प्रदान करेगा. रियाज़ सत्र में नियमित अभ्यास, स्वर-साधना, लय-बोध और शास्त्रीय गायन की मूल तकनीकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. रियाज़ सत्र में भाग लेने के लिए पंजीकरण अनिवार्य है.


**D.O.B. Change**

I, 15701455F NK LALIT KUMAR, VILL+POST BHOJPUR, DISTT-GHAZIABAD,UP, 245304. As per my Army Service record document, DATE OF BIRTH OF my son NAITIK is 11/06/2015, which is wrong. As per AADHAR & birth certificate my son's DOB is 11/06/2017. Please Correct

**Name Change**

I, 15701455F NK LALIT KUMAR, VILL+POST BHOJPUR, DISTT-GHAZIABAD,UP, 245304.As per my Army Service record document, My daughter name is NAVYA, my both son's name are NAVYANSH & NAITIK, which are wrong, As per AADHAR & birth certificate my daughter name is NAVYA SHARMA AND MY BOTH SON's name are NAVYANSH SHARMA & NAITIK SHARMA. Please add correct name in my army service document. Please Correct




**उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने किया केंद्रीय मंत्री नड्डा का स्वागत**

**जबलपुर.** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का जबलपुर पहुंचने पर स्वागत किया. दोनों नेताओं के बीच काफी देर बातचीत हुई.

# स्कूलों को अब तक नहीं मिली 15 अगस्त के कार्यक्रम की राशि

- बैरसिया ब्लॉक में 31 हाई व हायर सेकंडरी स्कूल हैं
- बीईओ ने स्कूलों ने नहीं किया राशि का भुगतान

**बैरसिया, 23 जनवरी. स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर आयोजित कार्यक्रम पर खर्च की राशि अभी तक शासकीय स्कूलों को नहीं मिल पाई है.**

स्कूल प्राचार्यों से प्राप्त पत्र व जानकारी के मुताबिक बैरसिया में 31 हाई व हायर सेकंडरी स्कूल हैं, जिन्हें बीते स्वतंत्रता दिवस पर विद्युत एवं ध्वजारोहण आदि के खर्च के लिए आयुक्त डीपीआई द्वारा सात हजार की राशि प्रति स्कूल के मान से आवंटित की गई थी. स्कूल प्राचार्यों ने उक्त राशि व्यय के बिल वाऊचर बीईओ को भुगतान के लिए दिए हैं. लेकिन उन्होंने उक्त राशि का भुगतान आज तक स्कूलों को नहीं किया. इधर स्कूल प्राचार्यों के सामने समस्या यह है कि वे स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम पर हुए खर्च की राशि का समायोजन किस मद में करें.

क्योंकि उन्हें पिछले राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर आवंटित राशि मिली नहीं, आगे दो दिन बाद 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का पर्व भी बड़े हर्षोल्लासपूर्वक मनाना है.

## बैरसिया में रनफॉर यूनिटी मैराथन कल

**बैरसिया.** द नेशनल पावर ग्रुप द्वारा रनफॉर यूनिटी मैराथन दौड़ का आयोजन 25 जनवरी को किया जाएगा. इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है. द नेशनल पावर ग्रुप के प्रदेश अध्यक्ष जय नारायण बैरागी ने बताया कि रनफॉर यूनिटी मैराथन दौड़ नगर के चौपड़ बाजार स्थित सावलिया मंदिर से सुबह 8 बजे प्रारंभ होगी, जिसका लगभग चार किलोमीटर दूर राजनंदनी गार्डन में समापन होगा. इस दौरान क्षेत्र के सेवानिवृत्त फौजियों, खिलाड़ियों सहित उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा.


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र.-03**
**लोक निर्माण विभाग भोपाल**

**निविदा संशोधन**

अपरिहार्य कारणों से इस कार्यालय की निविदा क्र. 83 से 92 तक (ऑनलाइन निविदा क्र. 471951 से 471953 एवं 471955 से 471961) की संशोधित बिड प्रस्तुतीकरण तिथि दिनांक 25/1/2026 तक की जाती है.

कार्यपालन यंत्री
भवन नियंत्रक विधानसभा
राजधानी संभाग क्र.-3
लोक निर्माण विभाग, भोपाल

G24815/25




# जाति भेद को छोड़कर हिंदू समाज एकजुट हो : गुप्ता

- हिंदू सम्मेलन में उमड़ी भीड़, वक्ताओं ने किया आह्वान

**मण्डीदीप, 23 जनवरी. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बसंत पंचमी के अवसर पर शुक्रवार को नगर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया. इस अवसर पर नगर में अभूतपूर्व जनसमागम देखने को मिला.**

सुबह 11 बजे विभिन्न बस्तियों से विशाल शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ, जिसमें कीर्तन मंडलियों के साथ करीब 35 हजार श्रद्धालु शामिल हुए. शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं. नगर के प्रमुख मार्गों पर रामधुन की गूंज सुनाई देती रही. कार्यक्रम के समर्थन में नागरिकों ने स्वेच्छा से दिनभर नगर बंद रखा और सक्रिय सहभागिता निभाई. नगर को स्वागत द्वारों, झंडों, बैनरों और पोस्टरों से सजाया गया था. शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया. महिलाओं और बालिकाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही. कार्यक्रम का शुभारंभ गो-पूजन और तुलसी-पूजन के साथ किया गया. शोभायात्रा के पश्चात दशहरा मैदान पर आयोजित सम्मेलन को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय प्रचारक विमल गुप्ता ने संबोधित किया.

उन्होंने कहा कि हिंदू समाज का लक्ष्य केवल अपना उत्थान नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का मित्र बनना और विश्व को सही दिशा देना है. इसके लिए सबसे पहले अपने घर, समाज और आचरण को ठीक करना होगा. जब हम जाति-भेद और छुआछूत छोड़ कर स्वयं खड़े होंगे, तभी दुनिया को संभाल सकेंगे. इसलिए कि जो स्वयं खड़ा नहीं होगा, वह गिरे हुए को उठाने की क्षमता भी नहीं रखेगा. आज पूरी दुनिया अनैतिकता, अधर्म, अन्याय, युद्ध, जल और पर्यावरण संकट से जूझ रही है.

ऐसी स्थिति में हिंदू समाज का दायित्व बनता है कि वह धर्म को आधार बनाकर मानवता के रक्षक के रूप में खड़ा हो.


**अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केन्द्र, ग्वालियर**
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार
वेबसाइट : https://cdsgwalior.nic.in फोन : 0751-2991397
ई-मेल : gwalior.cds@gmail.com

**भर्ती सूचना 01/2026**

अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केन्द्र, ग्वालियर, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन, नीचे दिए गए भर्ती के तरीके के अनुसार निम्नलिखित पदों पर नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित करता है :-

| स.क्र. | पद | पदों की संख्या | स्तर | श्रेणी | भर्ती की विधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उपनिदेशक (खेल) | 01 | स्तर-11 | अनारक्षित | प्रतिनियुक्ति |
| 2. | प्रशासन और लेखा अधिकारी | 01 | स्तर-10 | अनारक्षित | प्रतिनियुक्ति |

आवेदन प्रारूप और अन्य विवरण, नियम व शर्तें केद्र की वेबसाइट https://cdsgwalior.nic.in/notice-category/recruitments/ पर उपलब्ध है. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में प्रकाशन की तिथि से 30 दिन है. उपरोक्त अधिसूचना के संदर्भ में कोई भी संशोधन/ शुद्धि पत्र/ अद्यतन केवल केन्द्र की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे हमारी वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें.

सीबीसी-38126/12/0013/2526 — निदेशक (कार्यवाहक), अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केन्द्र, ग्वालियर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग, भोपाल म.प्र.**

**निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्रमांक 01/सेतु/2026/का.यं.** — **भोपाल, दिनांक 20/1/2026**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं. उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबासाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

| क्र. | टेंडर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में) | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_PWDRB_476911_1 | सीहोर, रायसेन नर्मदापुरम | पुल कार्य | पुलों के पुनर्वास, विशेष मजबूतीकरण और मरम्मत कार्य. (पैकेज क्रमांक-1 भोपाल) (1) सीहोर जिले में बुधनी शहर में एल.सी. क्रमांक 237 पर स्थित आर.ओ.बी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य. (2) जिला सीहोर में आंवलीघाट से सलकनपुर मार्ग पर नर्मदा नदी पर उच्च स्तरीय पुल के पहुंच मार्ग का विशेष मजबूतीकरण कार्य. (3) जिला सीहोर में गल्ला मंडी के पास आर.ओ.बी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य. (4) भोपाल-सलामतपुर मार्ग में एल.सी. क्रमांक 264 पर आर.ओ.बी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य. (5) इटारसी शहर मे शहरी क्षेत्र में निर्मित आर.ओ.बी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य. (6) नर्मदापुरम जिले में बांद्राभान-सांगाखेड़ा मार्ग में तवा नदी पर निर्मित पुल का विशेष मजबूतीकरण कार्य. | प्रथम | 367.59 | मूल एफडीआर का भुगतान ऑनलाइन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन जमा होंगे |
| | | | | योग | 367.59 | | |

उपरोक्त निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट) ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा. निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 9/2/2026 (17.30 बजे) निर्धारित है. विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है. निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जाएगा. पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा. मूल एफडीआर का भुगतान केवल ऑनलाइन होगा एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाइन जमा होंगे. भौतिक रूप से किसी भी प्रकार के दस्तावेज कार्यालय में जमा नहीं किए जाएंगे.

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग
भोपाल म.प्र.

G24803/25

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
IDFC FIRST Bank
(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
**रजिस्टर्ड ऑफिस :** केआरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
**फोन :** +91 44 4564 4000, **फैक्स :** +91 44 4564 4022

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना**

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| क्र. सं. | लोन एकाउंट नं. | लोन का प्रकार | सेक्शन 13(2) नोटिस तिथि | सेक्शन 13(2) नोटिस अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 14259477 | होम फाइनेंस एचएल | 15.01.2026 | रु.32,59,011.02/- |

**देनदार और सह-देनदारों का नाम :-** 1. मनोज कुमार गर्ग 2. कमलेश पत्नी मनोज

**संपत्ति का पता :** मकान नंबर 224 का पूरा टुकड़ा और पार्सल, प्लॉट का कुल क्षेत्रफल 30×40 = 1200 वर्ग फुट या 111.52 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 291/1, 291/2 का हिस्सा, गांव लांबाखेड़ा, न्यू चौकसे नगर, वार्ड नंबर 79, तहसील हुज़ूर, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश-462001 में स्थित, और जिसकी सीमाएं इस प्रकार हैं- पूर्व- कॉलोनी रोड, पश्चिम- प्लॉट नंबर 221, उत्तर- प्लॉट नंबर 223, दक्षिण- प्लॉट नंबर 225.

| क्र. सं. | लोन एकाउंट नं. | लोन का प्रकार | सेक्शन 13(2) नोटिस तिथि | सेक्शन 13(2) नोटिस अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 2. | 115343035 | संपत्ति पर ऋण | 14.01.2026 | रु.5,00,868.69/- |

**देनदार और सह-देनदारों का नाम :-** 1. सूरज सिंह सोंधिया 2. राममुत्री बाई

**संपत्ति का पता :** अचल संपत्ति (आवासीय मकान) का पूरा टुकड़ा और पार्सल जिसका क्षेत्रफल 1475 वर्ग फुट (137.081 वर्ग मीटर) है, जो मकान नंबर 04 में शामिल है, जो पीएच नं. 05में स्थित है. गांव शिवपुरा, तहसील ब्यावरा, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश-465674, और जिसकी सीमाएं इस प्रकार हैं- पूर्व- विजयसिंह की ज़मीन, पश्चिम- आम रास्ता, उत्तर- अनार सिंह की ज़मीन, दक्षिण- कंवरलाल का घर.

| क्र. सं. | लोन एकाउंट नं. | लोन का प्रकार | सेक्शन 13(2) नोटिस तिथि | सेक्शन 13(2) नोटिस अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 3. | 99870499 | संपत्ति पर ऋण | 14.01.2026 | रु.4,96,670.51/- |

**देनदार और सह-देनदारों का नाम :-** 1. विजय मीना 2. बिहारी लाल 3. अन्ना बाई

**संपत्ति का पता :** प्लॉट/मकान का वह पूरा टुकड़ा जिसका माप 50×86= 4300 वर्ग फुट (399.63 वर्ग मीटर) है, जो सर्वे नंबर 377(B), पी.एच. नंबर 97 में स्थित है, गांव- नामदरपुरा, तहसील बैरसिया, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश-462101, और जिसकी सीमाएं इस प्रकार हैं- पूर्व- रास्ता, पश्चिम- खुद का कच्चा मकान, उत्तर- सरकारी ज़मीन, दक्षिण- जीवन का घर.

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13(4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है). इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

एसडी/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

दिनांक : 24.1.2026
स्थान : मध्यप्रदेश